

भोपाल. रवीन्द्र भवन में रविवार को आयोजित डांस प्रतियोगिता में मनमोहक डांस की प्रस्तुति देतीं छात्राएं.

# सुभाष घई-पंचम दा के लोकप्रिय गीत गाए



निज संवाददाता

**भोपाल, 28 जून. रविवार को अफवाह म्यूजिक क्लब द्वारा विद्या नगर स्थित ख्याल कला प्रेमियों में पंचम सुभाष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें संगीत प्रेमियों ने स्वर्णिम दौर के गीतों का आनंद लिया. कार्यक्रम में सुभाष घई की फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया.**

कार्यक्रम में एक हसीना थी अपर्णा द्वारा जबकि लम्बी जुदाई ब्रजेश ने प्रस्तुत किया. ताल से ताल मिला... श्रेया प्रवीण तथा तू मेरा जानू है... अंशु जवाहर ने गाकर सराहना बटोरी. हाथों की चंद लकीरों का दर्दे दिल और निदिया से जागी बहार जैसी प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं. पंचम दा के गीतों में एक रुत आए... सच मेरे यार... रिमझिम रिमझिम... गुलाबी आंखें...और दिन छोटे सही.. बाहों में चले आ... जैसे गीतों को विक्रम सिरमोलिया निखिल और सतीश के संगीत संयोजन में प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि टिकट से प्राप्त राशि जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस के लिए समर्पित की जाएगी. वहीं ख्याल की फाउंडर नैनी टी जवांश ने संस्था के कर्मचारी धर्मेंद्र को नगद राशि देकर सम्मानित किया.

## एक नजर में



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात

**भोपाल, 28 जून.** अयोध्या नगर के एम सेक्टर में बूथ अध्यक्ष रामस्वरूप बरखने के निवास पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी. इस दौरान सुरेश पटेल, मलखान सिंह मीना, बलधारी सिंह, राजाराम जैन, गोविंद सिंह लोधी, गुनवंतराव पोटफोड़े, पीसी रजक, मूलचंद वर्मा, संजय बंसोड़, अशोक कुमार रिछारिया, शिवकुमार गोहिया, आरपी पटैरिया, एएल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### यादें निसार साहब कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार नगमे

**भोपाल, 28 जून (निज संवाददाता).** एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में रविवार शाम 'यादें निसार साहब' संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जहां सुरों की शानदार महफिल सजी और श्रोताओं ने पुरानी यादों को महसूस किया .कार्यक्रम की शुरुआत निसार साहब के पसंदीदा गीतों 'चिंगारी कोई भड़के' और 'तेरे बिना ज़िंदगी से कोई शिकवा तो नहीं' से हुई, जिसने माहौल को भावुक बना दिया. कार्यक्रम का आयोजन फनकार म्यूजिकल ग्रुप के संरक्षक महमूद खान और अध्यक्ष इसरार खान द्वारा किया गया, प्रबंधन की जिम्मेदारी इंजी आशु खान ने संभाली. एंकरिंग रश्मि दुबे और अर्पिता सक्सेना ने की. गायकों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया,सूफी और फिल्मी गीतों की शानदार पेशकश पर खूब तालियां बजीं, पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार दर्शकों से भरा रहा.

### चंबल घड़ियाल्स बने एमपीएल 2026 चैंपियन

**भोपाल, 28 जून (खेल प्रतिनिधि).** इंदौर में खेले गए मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल ) 2026 के फाइनल में चंबल घड़ियाल्स ने फाइनल जीतकर सिंधिया कप पर कब्जा जमाया. मैच के बाद विजेता टीम चम्बल घड़ीयल्स को ट्रॉफी सौंपी गई, जबकि उपविजेता टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स को भी सम्मानित किया गया. पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए अलग-अलग पुरस्कार भी दिए गए. टूर्नामेंट में जबलपुर लायंस के कप्तान अजय रोहेरा ने सबसे ज्यादा 527 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की. वहीं पूरे सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने पर रॉयल निमाड़ ईगल्स के खिलाडी पारुष मंडल को पर्पल कैप से सम्मानित किया गया. इसके अलावा ग्वालियर चीता के पार्थ चौधरी ने सबसे ज्यादा छक्के जड़े व लखनऊ सुपर जाइंट्स के अक्षत रघुवंशी ने सबसे ज्यादा चौके लगाए.

### आंचलिक विज्ञान केंद्र में क्षुद्रग्रह दिवस कल

**भोपाल,28 जून.** आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस मनाया जाएगा .यह आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक श्यामला हिल्स स्थित केन्द्र में होगा .कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी 'अंतरिक्ष शिलाएँ और अस्तित्व - डायनासोर विलुप्ति से ग्रह सुरक्षा तक' लगाई जाएगी, जिसमें क्षुद्रग्रहों की जानकारी, उनके प्रभाव और पृथ्वी की सुरक्षा से जुड़े प्रयास बताए जाएंगे .विद्यार्थियों के लिए क्षुद्रग्रह खोज, अपना क्षुद्रग्रह बनाओ और गड्ढा प्रभाव प्रदर्शन जैसी गतिविधियाँ भी होंगी. विज्ञान केन्द्र ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है.

## नगर में आज

**राग यमन कार्यशाला समापन**

**समय** - शाम 7 बजे **स्थान** - बैठक द आर्ट हाउस ई3/10 ए अरेरा कालोनी।

**पंचकल्याणक महोत्सव**

**स्थान** - श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जवाहर चौक **समय** - सुबह 7 बजे से

**शालाका चित्र प्रदर्शनी**

**समय**-दोपहर 12 बजे से **स्थान**-जनजातीय संग्रहालय

# हबीबगंज-बरखेड़ा पुल का लोकार्पण




बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 28 जून. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल ने अपनी आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए नवनिर्मित हबीबगंज-बरखेड़ा लिंक रोड पुल का लोकार्पण किया. इस परियोजना से बीएचईएल टाउनशिप में सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और यातायात अधिक सुगम एवं व्यवस्थित होगा.**

पुल का लोकार्पण बीएचईएल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एस. एम. रामनाथन ने कार्यकारी निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में किया. इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा परियोजना से जुड़े हितधारक भी मौजूद रहे. हबीबगंज-बरखेड़ा लिंक रोड बीएचईएल टाउनशिप के प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आंतरिक मार्ग है. समय के साथ पुरानी पुलिया जर्जर हो गई थी, जिससे ब्लाइंड स्पॉट, तीखे मोड़ और सीमित टर्निंग स्पेस जैसी समस्याएं उत्पन्न हो गई थीं. इससे सड़क सुरक्षा और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी. इन चुनौतियों के समाधान के लिए बीएचईएल ने पुरानी संरचना के स्थान पर 17 मीटर × 12 मीटर आकार की तीन-सेल प्रबलित सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) बॉक्स कलवर्ट का निर्माण कराया. यह परियोजना मात्र सात माह की रिकॉर्ड अवधि में पूरी की गई, जो बीएचईएल की उत्कृष्ट इंजीनियरिंग क्षमता और प्रभावी परियोजना प्रबंधन का प्रमाण है.

# लाइफ सेवर्स डॉक्टर्स होंगे तैनात

- एम्स में 30 जुलाई से विशेष एटीएलएस ट्रेनिंग कोर्स

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 28 जून. सड़क हादसों और गंभीर दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को अब और बेहतर और त्वरित इलाज मिल सकेगा. इसके लिए एम्स संस्थान एक बड़ी पहल करने जा रहा है.**

संस्थान में आगामी 30 जुलाई से 1 अगस्त तक 3 दिवसीय उन्नत आघात जीवन रक्षक प्रदाता यानि एडवांस्ड ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट, (एटीएलएस) प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है. बता दें अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन्स द्वारा प्रमाणित 'एटीएलएस इंडिया' के तहत यह आयोजन किया जा रहा है. जिसका उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मजबूत बनाना है.

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी गंभीर हादसे के बाद का पहला घंटा यानी 'गोल्डन ऑवर' मरीज की जान बचाने के लिए सबसे जरूरी होता है. इस प्रशिक्षण के जरिए डॉक्टरों को इसी नाजुक समय का सही उपयोग करना सिखाया जाएगा. ट्रेनिंग के दौरान चिकित्सकों को गंभीर रूप से घायल मरीजों की स्थिति का कम से कम समय में सही आकलन करने, उपचार को प्राथमिकता देने और वैज्ञानिक तरीके से जीवन रक्षक इलाज शुरू करने की आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाएगा.



### भोपाल ओपन कराटे में मध्यप्रदेश रहा नंबर वन

**भोपाल, 28 जून.** सेज यूनिवर्सिटी में ओपन अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ. प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश पहले, तमिलनाडु दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा. आशी बाधोराई ने 5-0, आयुषी बाधोराई ने 6-0 से जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीता. सौरभी नेगी ने भी खिताब अपने नाम किया.

# पंचकल्याणक महोत्सव में हुए कई अनुष्ठान

निज संवाददाता

**भोपाल, 28 जून. जवाहर चौक स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित पंचकल्याणक महामहोत्सव का द्वितीय दिवस रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ.**

महोत्सव के अंतर्गत गर्भ कल्याणक उत्तररूप के विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, प्रात:काल पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन और गर्भ कल्याणक पूजन संपन्न हुआ, इसके बाद मुनि श्री 108 संभवसागर महाराज ने प्रवचन देते हुए धर्म, संयम और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला. दोपहर में सीमांतनी क्रिया के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस दौरान ब्रह्मचारी बहनों के निर्देशन में महिलाओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों की जानकारी दी गई, कार्यक्रम में गोद भराई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया. आयोजन के अंतर्गत शाम को संगीतमय महाआरती और शास्त्र प्रवचन हुए, जबकि रात्रि में नाभीराय राजदरबार, स्वप्नफल कथन और अन्य धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया. यह आयोजन मुनि श्री संभवसागर महाराज के सान्निध्य में तथा विभिन्न विद्वानों के निर्देशन में संपन्न हो रहा है,आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है.

### श्री समयसार कलश विधान का समापन



जैन मंदिर रोड स्थित मदनलाल जयंती बाई धर्मशाला मे श्री समयसार कलश विधान का रविवार को समापन हुआ. विश्व शांति, सुख-समृद्धि तथा सभी जीवों के कल्याण की कामना की. इसके बाद शांतिधारा हुई और भगवान की रथ यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा जैन मंदिर चौक बाजार, चिंतामन चौराहा होते हुए सीमंधर मंदिर, लालवानी प्रेस रोड पहुंची. यहां शकुंतला बाई जैन ने महिला मंडल की ओर से ध्वजारोहण किया. भगवान का कलश अभिषेक कर उन्हें पुन: वेदी पर विराजमान कर पूजा-अर्चना की गई.



### सैला, करमा और बधाई नृत्य ने बांधा समां

**भोपाल, 28 जून.** श्यामला हिल्स स्थित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में रविवार को आयोजित 'संभावना' गतिविधि के तहत लोकनृत्य, गायन और वादन की आकर्षक प्रस्तुतियां हुई, कार्यक्रम में प्रदेश की जनजातीय और लोक संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले .कार्यक्रम में सिवनी से आई शालिनी धुर्वे और उनके साथियों ने गोंड जनजाति का सैला नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं अनूपपुर की रजनी बाई और दल ने करमा नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया,सागर के सुधीर तिवारी और उनके साथियों ने बुंदेलखंड का पारंपरिक बधाई नृत्य पेश किया, जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा.

### दृष्टिहीन कल्याण संघ की कार्यकारिणी का गठन

**भोपाल,28 जून.** दि ब्लाइंड रिलिफ एसोसिएशन (दृष्टिहीन कल्याण संघ)की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. इसमें नासिर हुसैन अध्यक्ष, एस.डी. गजभिये उपाध्यक्ष, शिवे सिंह चौहान (दृष्टिबाधित) सचिव, राधारमन अग्रवाल (दृष्टिवान) सचिव तथा किशन सिंह परिहार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए. कार्यकारिणी सदस्यों में राजेंद्र राठौर, बापूलाल दांगी, रामनारायण दांगी, किशनलाल मेघवानी, सुरेश मेहतो और प्रमोद शर्मा शामिल हैं. पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी से दृष्टिबाधित व्यक्तियों के शिक्षा, प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं कल्याण संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई.

# उड़ीसा प्रीमियर लीग में चमकीं मध्यप्रदेश की शोभा सरयाम



**भोपाल, 28 जून. उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में 19 से 22 जून तक आयोजित उड़ीसा प्रीमियर लीग महिला थ्रोबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी शोभा सरयाम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया.**

उन्होंने कलिंगा फाइटर्स टीम की ओर से खेलते हुए अपनी टीम को पांच मुकाबलों में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. एक मैच में उन्होंने टीम की कप्तानी भी संभाली और अपने अनुभव से टीम का नेतृत्व किया. शोभा सरयाम पिछले करीब दस वर्षों से मध्यप्रदेश की ओर से राष्ट्रीय स्तर की थ्रोबॉल प्रतियोगिताओं में लगातार हिस्सा ले रही हैं. अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन के दम पर उन्होंने प्रदेश की मजबूत खिलाड़ियों में अपनी पहचान बनाई है. हाल ही में आदिवासी समाज ने भी उन्हें सम्मानित किया था. उड़ीसा प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद शोभा सरयाम को मध्यप्रदेश सरकार के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. मध्यप्रदेश थ्रोबॉल एसोसिएशन के सचिव अविनाश बुरबुरे, हेमंत कपूर, संतोष वर्मा, जॉयस थामस और सुरेश चैनानी ने भी उन्हें बधाई दी.

**अभियान** | स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आयोजित की नशामुक्त भारत के लिए पैडल यात्रा

# संडे ऑन साइकिल से नशामुक्ति का संदेश



खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 28 जून. स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के क्षेत्रीय केंद्र भोपाल और उसके स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटरों ने रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत विशेष साइकिल रैली और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

कार्यक्रम का विषय 'नशा मुक्त भारत के लिए पैडल' रखा गया. अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे से दूर रहने और फिट जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था. भोपाल में यह कार्यक्रम साई क्षेत्रीय केंद्र और उमंग नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया. इसमें 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया. प्रतिभागियों में नशा मुक्ति केंद्र के मरीज, केंद्र का स्टाफ, खिलाड़ी और नागरिक शामिल रहे. सभी ने साइकिल रैली में भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया. साई के अधिकारियों ने बताया कि 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के जरिए फिट इंडिया आंदोलन को खेल परिसरों से बाहर आम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है. खेल और फिटनेस के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान को मजबूत बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे.



### अमरनाथ यात्रा के लिए भोलेनाथ का जलाभिषेक

**भोपाल, 28 जून.** निर्विघ्न अमरनाथ यात्रा के लिए रविवार को इंद्रपुरी स्थित महादेव मंदिर में ओम शिवशक्ति सेवा मंडल के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर हवन किया. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होकर 28 अगस्त रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी, जो कि 57 दिनों की होगी. मंडल का पहला जत्था 29 जून और अंतिम जत्था 3 अगस्त को जायेगा.

# ब्रेन स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण बताए

- मलयाली एसोसिएशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल, 28 जून. यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए) और अपोलो सेज हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को सुभाष नगर स्थित श्री नारायण मिशन हॉल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया.**

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से जरूरी जानकारी ली. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. जस्टिन थॉमस का व्याख्यान रहा. उन्होंने ब्रेन स्ट्रोक के कारण, शुरुआती लक्षण, बचाव और समय पर इलाज की जरूरत के बारे में आसान भाषा में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का संतुलन बिगड़ जाए, अचानक देखने में परेशानी हो, चेहरा एक तरफ झुक जाए, हाथ में कमजोरी आए या बोलने में दिक्कत हो तो बिना देर किए तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए. उन्होंने कहा कि समय पर इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है.